पत्रांक::वा0क0अधि0 / दस–1(क) / 2794 / 2024

प्रेषक,

निबन्धक,
वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

लखनऊःदिनांकःअगस्त, 12 ,2024

महोदय,

कृपया श्री बीरेन्द्र कुमार, एच0जे0एस0, सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–गोरखपुर के पत्र संख्या–274 / 2024, दिनांक 29.07.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा स्वयं के जी0ओ0 दिनांक 11.07.2024 के अनुसार दिनांक 28.03.2005 के पूर्व विज्ञापन के आधार पर नियुक्त सरकारी सेवक के पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने के संबंध में विकल्प हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित किया गया है।

अतः निर्देशानुसार बीरेन्द्र कुमार, एच0जे0एस0, सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–गोरखपुर के आवेदन पत्र अध्यक्ष महोदय के अग्रसारणोपरान्त इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया गया हैं।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(तरुण कुमार)
निबन्धक, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बीरेन्द्र कुमार,
न्यायिक सदस्य, व्यापार कर अधिकरण,
गोरखपुर।

प्रेषिती,

आदरणीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा- माननीय अध्यक्ष, व्यापार कर अधिकरण,
लखनऊ।

विषयः-नवपरिभाषित अंशदायी पेंशन (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) के स्थान पर **पुरानी पेंशन योजना(OLD PENSION SCHEME) का विकल्प** अनुमोदित कर अपेक्षित आदेश निर्गत किए जाने के संबंध में।

आदरणीय महोदय,

उपर्युक्त विषयक् संदर्भ में माननीय न्यायालय को सादर अवगत कराना है कि मैंने उ0प्र0 प्रदेश लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद की विज्ञप्ति सं0 ए-2/ई-1/2003 दिनॉकितः-15.11.2003 के तहत उ0प्र0 राज्य न्यायिक सेवा परीक्षा, 2003 के आधार पर उ0प्र0 शासन, नियुक्ति अनुभाग-4 के शासनादेश सं0-2430/दो-4-06-32(1)/2001टी.सी.-1 दिनॉकितः 26.05.2006 के माध्यम से निर्गत नियुक्ति-पत्र के अनुसार व्यवहार न्यायाधीश (अवर वर्ग) के पद पर नियुक्त होकर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिसूचना सं0 1242/डी0आर0(एस)/2006 दिनॉकितः 13.06.2006 के अनुपालन में जनपद न्यायालय-गाजीपुर में दिनॉकः 16.06.2006 को अपर व्यवहार न्यायाधीश (अवर वर्ग), गाज़ीपुर के पद पर पदभार ग्रहण किया था। वर्तमान समय में मैं न्यायिक सदस्य, व्यापार कर अधिकरण, गोरखपुर के पद पर कार्यरत हूँ तथा नवपरिभाषित अंशदायी पेंशन (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) से आच्छादित हूँ।

महोदय, मैं उत्तर प्रदेश शासन के वित्त(सामान्य) अनुभाग-3 द्वारा निर्गत शासनादेश सं014/2024/सा-3-243/दस-2024/301(1)/2024 दिनॉकित 28 जून, 2024 तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र सं0 9691/IV-F-82(Pension)/Admin.(A) Dated; 16 July, 2024 के अनुक्रम में वर्तमान नवपरिभाषित अंशदायी पेंशन (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) के स्थान **पर पुरानी पेंशन योजना (OLD PENSION SCHEME) का विकल्प चयनित करता हूँ।** मेरे द्वारा पुरानी पेंशन योजना (O.P.S.) का चयनित यह विकल्प अन्तिम विकल्प समझा जाए।

अतः आदरणीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उ0प्र0 शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0 20/2024/सा-3-276/दस-2024/301(1)/2024 दिनॉकितः-11.07.2024 के अनुपालन में निर्धारित प्रारूप पर इस पत्र के साथ संलग्न मेरे विकल्प-पत्र को माननीय न्यायालय के समक्ष अनुमोदन हेतु व अनुमोदन के पश्चात् अपेक्षित आदेश निर्गत किये जाने हेतु समावेदित करने की कृपा करें।

**सम्मान् सहीत।**

दिनॉकः-29.07.2024

संलग्नकः-

1. विकल्प-पत्र यथोपरि।

भवदीय,
29/07/2024
(बीरेन्द्र कुमार)
(ID No. UP6463)
न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण
गोरखपुर पीठ-गोरखपुर।

**<u>कार्यालय, व्यापार कर अधिकरण, लखनऊ</u>**

पत्रांकः-

/दिनॉकः जुलाई, 2024

अग्रसारित

अध्यक्ष,
व्यापार कर अधिकरण, लखनऊ।

वाणिज्य कर अधिकरण
उ0 प्र0 लखनऊ

शासनादेश संख्या- 20/2024/सा-3-276/दस-2024/301(1)/2024 दिनॉक 11 जुलाई, 2024 का संलग्नक-

विकल्प पत्र

1. नामः- **बीरेन्द्र कुमार**
2. वर्तमान पदनामः- **न्यायिक सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, गोरखपुर।**
3. वेतनमानः- J-5: 144840 -194660
4. वर्तमान विभाग का नामः- **न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन (माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद)**
5. राज्य सरकार के अधीन प्रथम नियुक्ति के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी करने वाले विभाग का नामः- **उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद**
6. विज्ञप्ति की तिथिः-**15 नवम्बर 2003** (विज्ञप्ति सं0 ए-2/ई-1/2003 दिनॉकितः-15.11.2003)
7. विज्ञप्ति के सापेक्ष नियुक्ति की तिथिः- **26 मई 2006**
   **(उ0प्र0 शासन, नियुक्ति अनुभाग-4, शासनादेश सं0-2430/दो-4-06-32(1)/2001टी.सी.-1)**
8. योगदान की तिथिः- **16.06.2006**
9. जन्मतिथिः- **03.07.1973 (तीन जुलाई सन् उन्नीस सौ तिहत्तर)**
10. सेवानिवृत्ति की तिथिः- **31.07.2033 (इकत्तीस जुलाई सन् दो हजार तैतीस)**

मैं **बीरेन्द्र कुमार** पुत्र श्री **भोला नाथ राम** शासनादेश संख्या-14/2024/सा-3-243/दस-2024/301(1)/2024 दिनॉक 28 जून, 2024 के अन्तर्गत **पुरानी पेंशन योजना** में सम्मिलित होने का विकल्प देता हूँ। मेरे द्वारा दिया गया यह विकल्प अन्तिम समझा जाय।

हस्ताक्षरः 25/07/2024
नामः बीरेन्द्र कुमार
पदनामः न्यायिक सदस्य, व्यापार कर अधिकरण, गोरखपुर।

घोषणा पत्र

मैं **बीरेन्द्र कुमार** पदनामः-न्यायिक सदस्य, व्यापार कर अधिकरण, गोरखपुर यह घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त क्रम संख्या-01 से 10 तक अंकित तथ्य मेरी जानकारी में सही है तथा मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है।

हस्ताक्षरः 25/07/2024
नामः बीरेन्द्र कुमार
पदनामः न्यायिक सदस्य, व्यापार कर अधिकरण, गोरखपुर।

सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा भरा जायेगा

श्री **बीरेन्द्र कुमार** पदनामः- सदस्य, व्यापार कर अधिकरण, गोरखपुर को उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित किये जाने हेतु इस विभाग की संस्तुति/सहमति प्रदान की जाती है।

**कार्यालयाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष की संस्तुति**
अध्यक्ष
वाणिज्य कर अधिकरण
उ0 प्र0 लखनऊ
12.08.24